उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 09.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 09.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।









**महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ**

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 09.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 09.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 09.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।










## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 09.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित वरि0उ0नि0 कन्हैयालाल मय हमराह हे0कां0 राहुल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 39/2026 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.विन्द्रावन पुत्र दीनदयाल उम्र 65 वर्ष 2.मंगल सिंह अहिरवार पुत्र बिन्द्रावन अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासीगण ग्राम ब्यारजो थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम रिवई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.वरि0उ0नि0 कन्हैयालाल

2.हे0कां0 राहुल कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त–

1.विन्द्रावन पुत्र दीनदयाल उम्र 65 वर्ष

2. मंगल सिंह अहिरवार पुत्र बिन्द्रावन अहिरवार उम्र 27 वर्ष

निवासीगण ग्राम ब्यारजो थाना महोबकंठ जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 09.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**थाना महोबकंठ पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता:-**

**थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 "आपराधिक प्रवृत्ति" वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद मोटर साइकिल व पीली/सफेद धातु के जेवरात बरामद किए गए।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन पर जनपद में चोरी/लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित उ0नि0 रोहित कुमार मय हमराह का0 नितिन कुमार व का0 मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 15/2026 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस से सम्बन्धित व प्रकाश मे आये अभियुक्त राजकुमार पुत्र राजबहादुर उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम अमगावं थाना राठ जनपद हमीरपुर को ग्राम भूरा टूडर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद नीले रंग की मोटर साइकिल (R15) तथा 01 अदद हार (पीली धातु), 01 मंगलसूत्र (पीली धातु), 01 मनचली (पीली धातु), 01 अंगूठी (पीली धातु) एवं 02 जोड़ी बिछिया (सफेद धातु) बरामद हुई। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 रोहित कुमार
2.का0 नितिन कुमार 3.का0 मनोज कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

राजकुमार पुत्र राजबहादुर उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम अमगावं थाना राठ हमीरपुर



**बरामदगी-**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद मोटर साइकिल (R15) नीले रंग की, 01 अदद हार (पीली धातु), 01 अदद मंगलसूत्र (पीली धातु), 01 अदद मनचली (पीली धातु), 01 अदद अंगूठी (पीली धातु) तथा 02 जोड़ी बिछिया (सफेद धातु) बरामद किया गया।

**आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं015/2026 धारा 305(A)/331(4)/317(2)बीएनएस
2.मु0अ0सं0 135/2017 धारा 380/457 भादवि थाना चिकासी जनपद हमीरपुर
3.मु0अ0सं0 332/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर
4.मु0अ0सं0 228/2017 धारा 380/411/413/457 भादवि थाना राठ हमीरपुर
5.मु0अ0सं0 332/2017 धारा 380/411/413 भादवि थाना राठ जनपद हमीरपुर
6.मु0अ0सं0 418/2017 धारा 380/411/413/457 भादवि थाना राठ हमीरपुर
7.मु0अ0सं0 424/2017 धारा 401/411/413 भादवि थाना राठ जनपद हमीरपुर
8.मु0अ0सं0554/2017 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द विरोध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम थाना राठ जनपद हमीरपुर
9.मु0अ0सं0 575/2018 धारा 307 भादवि थाना राठ जनपद हमीरपुर
10.मु0अ0सं0 576/2018 धारा 3/25 आयुध अधिनियम 1959 थाना राठ जनपद हमीरपुर
11.मु0अ0सं0 175/2020 धारा 3/25 आयुध अधिनियम 1959 थाना राठ जनपद हमीरपुर
12.मु0अ0सं0 64/2024 धारा 380/411/457 थाना राठ जनपद हमीरपुर
13.मु0अ0सं0 135/2024 धारा 380/411/457 थाना राठ जनपद हमीरपुर
14.मु0अ0सं0 138/2024 धारा 380/411/457 थाना राठ जनपद हमीरपुर
15.मु0अ0सं0 157/2024 धारा 380/411/457 थाना राठ जनपद हमीरपुर
16.मु0अ0सं0 38/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर
17.मु0अ0सं0 13/2021 धारा 380/411/457 भादवि थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी
18.मु0अ0सं0 94/2018 धारा 380/411/457 भादवि थाना सकरार जनपद झांसी
19.मु0अ0सं0 95/2018 धारा 307 भादवि व 25 आर्म एक्ट थाना मऊरानीपुर झांसी
20.मु0अ0सं0 33/2020 धारा 380/411/457 भादवि थाना कुलपहाड जनपद महोबा
21.मु0अ0सं0 56/2020 धारा 380/411/457 भादवि थाना कुलपहाड महोबा
22.मु0अ0सं0 161/2020 धारा 307 भादवि थाना कुलपहाड जनपद महोबा
23.मु0अ0सं0 162/2020 धारा 3/25 आयुध अधिनियम 1959 थाना कुलपहाड महोबा

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 09.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति केंद्रों के सार्थक प्रयास से गुमशुदा युवती सकुशल बरामद

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति केंद्रों के सतत एवं सार्थक प्रयासों से एक गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों/इच्छानुसार सुपुर्द किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वंदना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गौड़ के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा थाना कुलपहाड़ पर पंजीकृत गुमशुदगी संख्या 12/2026 से संबंधित गुमशुदा जूली पुत्री महेन्द्र कुमार राजपूत उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी ग्राम अण्डवारा, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया।

बरामदगी उपरांत युवती को मिशन शक्ति केंद्र में काउंसलिंग हेतु प्रस्तुत किया गया, जहां उसे आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। काउंसलिंग के दौरान युवती द्वारा बताया गया कि उसने अपनी इच्छा से इंद्रजीत पुत्र जुगाराज निवासी ग्राम बसारा, थाना चरखारी, जनपद महोबा से विवाह कर लिया है तथा वह अपने पति के साथ रहना चाहती है।

युवती की इच्छा के अनुरूप आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे उसके पति के साथ सकुशल रवाना किया गया।

## बरामद गुमशुदा का विवरण:

जूली पुत्री महेन्द्र कुमार राजपूत, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम अण्डवारा, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।

## बरामद करने वाली पुलिस टीम:

- श्रीकृष्ण वैश्य
- का. विक्की चौधरी
- म0का0 रीतू सिंह



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 09.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महोबा पुलिस की मुस्तैदी रंग लाई- सीसीटीवी खंगालकर, बस स्टैंड-रेलवे स्टेशन व होटल-ढाबों पर सघन चेकिंग के बाद 24 घंटे में गुमशुदा युवक सकुशल बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 08.04.2026 को सोशल मीडिया के माध्यम से एक तथ्य प्रकाश में आया, जिसमें एक युवक के धवर्रा चौकी (थाना अजनर) में मारपीट किये जाने एवं हथकड़ी सहित भाग जाने जैसी घटना का उल्लेख किया गया था। उक्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकरण की गहन जांच कराई गई।

जांच के दौरान प्रथम दृष्टया तथ्यों के आधार पर ज्ञात हुआ कि संबंधित युवक शराब का आदी है तथा बीती रात्रि वह अपनी बुआ के घर जनपद बांदा गया था, जहां से वह दिनांक 08.04.2026 को दोपहर के पश्चात कहीं चला गया था। इस संबंध में परिजनों द्वारा थाना अजनर में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में गुमशुदगी निस्तारण हेतु तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया गया। थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री सुभाषचन्द्र के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गुमशुदगी नं0- 05/2026 दिनांक 08.04.2026 से संबंधित गुमशुदा लक्ष्मीनारायण सेन उर्फ बाबू पुत्र सोहन लाल सेन निवासी ग्राम पठारी थाना अजनर जनपद महोबा, उम्र करीब 25 वर्ष की तलाश हेतु सघन अभियान चलाया गया।

तलाश के दौरान विभिन्न सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया गया तथा होटल, ढाबों पर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य संभावित स्थानों पर लगातार चेकिंग की गई। पुलिस टीम के इन सार्थक प्रयासों के फलस्वरूप गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया।

बरामद युवक को उसकी इच्छानुसार उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।

### गुमशुदगी का विवरण:

- गुमशुदगी नं0- 05/2026 दिनांक 08.04.2026
- आवेदक श्री सोहनलाल सेन पुत्र नाथूराम सेन निवासी ग्राम पठारी थाना अजनर जनपद महोबा
- गुमशुदा – लक्ष्मीनारायण सेन उर्फ बाबू पुत्र सोहन लाल सेन, उम्र करीब 25 वर्ष

### अन्य विवरण:

बरामद गुमशुदा लक्ष्मीनारायण सेन उर्फ बाबू को उसकी इच्छानुसार उसके पिता श्री सोहन लाल सेन के सुपुर्द कर सकुशल घर भेजा गया।

